11223/17-11-2020

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक– 17.11.2020 को हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः– यथा पंजी संधारित।

1. <u>जिलों में एजेंसी कार्यालय</u> :– एजेंसियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि आई0एल0 एण्ड एफ0एस0 एजेंसी एवं जी0आई0एस0सी0 द्वारा सभी जिलों में कार्यालय स्थापित कर लिया गया है, किन्तु आई0एल0 एण्ड एफ0एस0 द्वारा शेखपुरा एवं मुंगेर में जिला मुख्यालय से अन्यत्र कार्यालय स्थापित किया गया है। निदेश दिया गया कि एजेंसी कार्यालय के जिला मुख्यालय में स्थापित किया जाए। आई0आई0सी0 एजेंसी द्वारा अब तक कुल 11 जिलों में से केवल चार जिलों में कार्यालय स्थापित किया गया है। तकनीकी शाखा को निदेश दिया गया कि जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को स्थान उपलब्ध कराने के लिए समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी को अनुरोध किया जाए।

   बैठक में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी आई0आई0सी0 के प्रतिनिधि को निदेशित किया गया कि दिनांक– 24.11.2020 एवं 25.11.2020 को अपर मुख्य सचिव द्वारा पूर्णियाँ प्रमण्डल अंतर्गत चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा की जानी है। वर्त्तमान में प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार पूर्णियाँ प्रमण्डल अंतर्गत चारों जिलों, पूर्णियाँ, किशनगंज, कटिहार एवं अररिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का कार्यालय नहीं है एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा शिविरों को कर्मी एवं संसाधन भी उपलब्ध नहीं कराये गये है। निदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में दिनांक– 24.11.2020 तक पूर्णियाँ प्रमण्डल के जिलों में एजेंसी का कार्यालय खोलना सुनिश्चित किया जाए।

2. <u>हवाई सर्वेक्षण एजेंसी की कार्य प्रगति</u> :– एजेंसियों द्वारा बैठक में दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार कार्य प्रगति की स्थिति निम्नवत पाई गईः–

क्र0 सं0	एजेंसी का नाम	गत/ वर्त्तमान सप्ताह	कितने जिलों में कार्यालय स्थापित कर लिया गया है।	प्रिज्म, कर्मी एवं ई0टी0एस0 मशीन की विवरणी			कुल चिन्हित त्रिसीमानों की संख्या	कुल मोन्यूमेंट किए गए त्रिसीमानों की संख्या	मौजा की संख्या जिसका ऑथोफोटोग्राफ कॉडिनेट के साथ A4 साईज कागज पर मानचित्र के रूप में विशेष सर्वेक्षण अमीनों को उपलब्ध करा दिया गया।	मौजों की संख्या जिनका प्रतिवेदन प्रपत्र–।। एवं ।।। में उपलबध कराया गया।
				ई0टी0एस0 मशीन की संख्या	कर्मियों की संख्या।	प्रिज्म की संख्या।				
01	IIC	गत् सप्ताह	4	15	15	15	807	299	125	236 एवं 52
		वर्त्तमान सप्ताह	4	15	15	15	814	299	186	288 एवं 52
02	GISC	गत् सप्ताह	6	11	36	15	369	124	185	204
		वर्त्तमान सप्ताह	6	16	47	25	409	124	185	204
02	IL&FS	गत् सप्ताह	3	13	26	13	236	74	359	55
		वर्त्तमान सप्ताह	3	13	26	13	311	74	780	55

निदेश दिया गया कि विशेष सर्वेक्षण शिविरों की संख्या के लिए आवश्यक कुल ई0टी0एस0 एवं कर्मी की संख्या के 50 प्रतिशत की उपलब्धता आगामी बैठक तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0 एवं जी0आई0एस0 सी0 को आगामी सप्ताह को एक–एक हजार A4 साईज में ऑर्थोफोटोग्राफ उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया, जबकि आई0एल0 एण्ड एफ0एस0 एजेंसी को कुल 1048 ऑर्थोफोटोग्राफ में 780 आपूर्ति के पश्चात् बचे हुए शेष सभी ऑर्थोफोटोग्राफ उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

3. <u>हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को बकाया भुगतान के संबंध में</u>:– एजेंसियों को निदेशित किया गया कि उच्च स्तर पर लिए गए निर्णय के अनुसार भुगतान की कार्रवाई के लिए एजेंसियों द्वारा निम्नाकिंत कार्रवाई किया जाना आवश्यक है–

(i) प्रथम चरण के लिए चयनित 20 जिलों में आवंटित जिलों के अनुसार शत–प्रतिशत जिलों में कार्यालय की स्थापना।

(ii) ग्रामवार A4 साईज में शत–प्रतिशत ऑर्थोफोटोग्राफ की आपूर्ति।

(iii) एकरारनामा के अनुसार शिविरों में ई0टी0एस0 एवं कर्मियों की उपलब्धता।

इस सम्बन्ध में तीनों एजेंसियों को स्मार पत्र भी निर्गत किया जा चुका है परन्तु अभी तक अनुपालन की सूचना न देने के कारण भुगतान लम्बित है। निदेश दिया गया कि इस दिशा में अतिशीघ्र शत–प्रतिशत अनुपालन उपलब्ध कराएं ताकि लम्बित भुगतान किया जा सके।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण–एजेंसी– 319/2016......11223......... **पटना, दिनांक** :–17-11-2020

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना/उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/ उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण–एजेंसी– 319/2016......11223......... **पटना, दिनांक** :–17-11-2020

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप/ जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2020\Birendra Kumar ASO\Proceeding\Proceeding_17.11-2020.docx

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण–एजेंसी– 319/2016......11223...... **पटना, दिनांक** :–17-11-2020

प्रतिलिपिः– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0, आई0एल0एण्डएफ0एस0, जी0आई0एस0 कंसोर्टियम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण–एजेंसी– 319/2016......11223...... **पटना, दिनांक** :–17-11-2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2020\Birendra Kumar ASO\Proceeding\Proceeding_17.11-2020.docx